# Dabang Dunia (DD-2), 24-10-2019 Page-3

इंदौर, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2019
दबंग दुनिया 2

# क्यूएस इंडिया रैंकिंग में 108 संस्थानों में आईआईटी इंदौर 13वें नंबर पर

## सेकंड जनरेशन आईआईटीज में इंदौर सबसे ऊपर

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर ने क्यूएस इंडिया रैंकिंग 2020 में टॉप 15 संस्थानों में जगह बनाई है। यह रैंकिंग देशभर के टॉप 108 संस्थानों में से दी गई है। इस बार आईआईटी इंदौर को 13वीं रैंकिंग मिली है, जबकि पिछले साल उसकी रैंकिंग 18वीं थी। इस प्रकार उसे पांच स्थानों का फायदा हुआ है। खास बात यह है कि सेकंड जनरेशन आईआईटीज में इंदौर का स्थान पहला है।

आईआईटी इंदौर का ओवरऑल स्कोर 50.2 रहा है, जबकि पिछले साल ये स्कोर 44 था।



फैकल्टीज विथ पीएचडी, फैकल्टीज के पेपर की संख्या और पेपर के साइटेशन की संख्या, इन पैरामीटर्स में आईआईटी इंदौर को सबसे ज्यादा अंक हासिल हुए। इससे पहले भी टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग 2018 और 2019 में आईआईटी इंदौर देश के टॉप तीन संस्थानों में शामिल हो चुका है।

## टॉप 200 ग्लोबल इंस्टिट्यूट में आना लक्ष्य

इस रैंकिंग के लिए क्यूएस इंडिया ने कई पैरामीटर निश्चित किए थे। इसमें एकेडमिक्स, एम्पलॉयर रेप्यूटेशन, फैकल्टी स्टूडेंट रेशो, स्टाफ विथ पीएचडी, फैकल्टी की पेपर संख्या, पेपर के साइटेशन की संख्या, इंटरनेशनल फैकल्टीज और स्टूडेंट्स की संख्या को आधार बनाया गया था।

आईआईटी डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप माथुर ने कहा कि आईआईटी इंदौर को टॉप 200 ग्लोबल इंस्टिट्यूट्स में लाना हमारा लक्ष्य है, इसलिए आने वाले दस साल संस्था के लिए ज्यादा चुनौती भरे होंगे। इसे हासिल करने के लिए इंटरनेशनलाइजेशन प्रोसेस, इन्वेंशन और इनोवेशन की ओर ध्यान दे रहे हैं।